प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
<u>मुजफ्फरपुर</u>

<u>कार्यालय आदेश</u>

मुख्य सचिव, बिहार सरकार (विशेष शाखा), पटना के ज्ञापांक–जी0 / आपदा –06–02 / 2020–3646 दिनांक – 05.07.2021 द्वारा निर्गत आदेश एवं अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक – 1204 दिनांक–06.07.2021 के आलोक में इस चिकित्सा महाविद्यालय में अध्ययनरत् सभी छात्र / छात्रओं का वर्ग–व्याख्यान एवं संबंधित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों, 50% उपस्थिति के साथ दिनांक – 12.07.2021 से प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है ।

अतएव सभी छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए निर्देश दिया जाता है कि केन्द्र सरकार / राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन करते हुए मास्क एवं सोशल डिस्टेंसींग के साथ कोविड अनुकूल व्यवहार करते हुए संचालित वर्ग–व्याख्यान एवं संबंधित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होना सुनिश्चित करेंगे ।

साथ ही सभी छात्र / छात्राओं को यह भी निर्देश दिया जाता है कि वर्ग–व्याख्यान एवं संबंधित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होने से पूर्व अपना RT-PCR Test (For Covid-19) करा लें, जिसे वर्ग–व्याख्यान एवं संबंधित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के समय प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाएगी ।

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः– 1029/21 दिनांकः– 08/07/21
प्रतिलिपिः–

1. अधीक्षक / उपाधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
2. सभी विभागाध्यक्ष / सभी चिकित्सक / शिक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
3. प्रभारी प्राध्यापक प्रशासन / नामांकन पदाधिकारी / ईस्टेट ऑफिसर / प्रभारी पदाधिकारी परीक्षा, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
4. संबंधित छात्र शाखा कर्मी, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
5. इस चिकित्सा महाविद्यालय में अध्ययनरत् सभी छात्र / छात्रओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
6. सूचना पट्ट ।
7. कॉलेज वेबसाईट ।

8/7/21

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर